बच्चों ने नृत्य कर दिया देश-प्रेम का संदेश

- सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के दो दिवसीय आनंदोत्सव के अंतिम दिन मंडलायुक्त ने मेधावियों को किया पुरस्कृत
- विभिन्न वर्ग के मेधावियों को वितरित की गई तीन लाख 25 हजार रुपये की स्कालरशिप सांस्कृतिक समारोहों से मोहा मन

जासं, कानपुर: सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के दो दिवसीय आनंदोत्सव के अंतिम दिन रविवार को आजादी की स्वर्णिम यात्रा थीम पर छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति देकर देश-प्रेम का संदेश दिया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डा. राजशेखर ने स्कूल के 13 मेधावी बच्चों को श्री गोविंद हरि सिंहानिया स्कालरशिप अवार्ड व विभिन्न वर्ग के मेधावियों को तीन लाख 25 हजार रुपये की स्कालरशिप वितरित की।

समारोह में छात्र ओजस बाजपेयी ने गजल की प्रस्तुति दी। साज और आवाज के साथ आर्यन, जसलीन और वरदान ने की-बोर्ड पर और समर्थ ने ड्रम पर संगीत की छटा बिखेरी।

आशना, परनीत ने जी ले चल गीत पर नृत्य कर तालियां बटोरीं। वत्सला बाजपेयी ने ठुमरी व राग बागेश्वरी की सुंदर प्रस्तुति दी। स्कूल चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया व वर्षा सिंहानिया, वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी. कर, प्रधानाचार्या भावना गुप्ता व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

लाजपत भवन में आयोजित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी • जागरण